राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdadmn.cce@gmail.com Ph. NO. 0141-2702247 (O)

क्रमांक एफ 1(05)पीएस/निकाशि/19/ दिनांक :

विज्ञप्ति

वर्ष 2024–25 की कनिष्ठ सहायक पद की पदोन्नति के क्रम में विभाग के अधीन संचालित राजकीय महाविद्यालयों/कार्यालयों में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी वर्ग के कर्मचारियों जिन्होनें दिनांक 31–03–2024 तक कनिष्ठ सहायक पद की पदोन्नति हेतु निर्धारित योग्यता (सीनियर सैकेण्डरी या समकक्ष परीक्षा एवं निर्धारित कम्प्यूटर पाठ्यक्रम उत्तीर्ण) प्राप्त कर ली है, से आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

दी राजस्थान सबोर्डिनेट ऑफिसेज मिनिस्ट्रियल स्टाल रूल्स, 1999 के नियम 6 एवं शिडयूल प्रथम की बिन्दु संख्या 10 में कार्मिक (क–ग्रुप–II) विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 7(2)डीओपी/ए II/2006 दिनांक 05–12–2012 द्वारा संशोधन कर यह प्रावधान किया गया है कि कनिष्ठ सहायकों के 85 प्रतिशत पद सीधी भर्ती द्वारा तथा 15 प्रतिशत पद ऐसे चतुर्थ श्रेणी वर्ग के कर्मचारियों की पदोन्नति द्वारा भरे जावें जो किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से सीनियर सैकेण्डरी या उसके समतुल्य परीक्षा और इलेक्ट्रोनिक्स विभाग, भारत सरकार के नियंत्रणाधीन डीओईएससी द्वारा संचालित ''ओ'' या उच्चतर लेवल प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम या व्यावसायिक प्रशिक्षण स्कीम की राष्ट्रीय/राज्य परिषद के अधीन आयोजित कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग सहायक (क0ऑ0प्रो0स0)/डाटा प्रेपरेशन और कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर (डॉ0प्रे0क0सो0) प्रमाण पत्र या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से कम्प्यूटर विज्ञान/कम्प्यूटर एप्लीकेशन में डिप्लोमा या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी पॉलीटेक्निक संस्था से कम्प्यूटर विज्ञान और अभियांत्रिकी में डिप्लोमा या वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा संचालित, राजस्थान नॉलेज कार्पोरेशन लिमिटेड के नियंत्रणाधीन सूचना प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रम में प्रमाणपत्र (रा0रा0सू0प्रौ0प्र0पा0) प्राप्त तथा चतुर्थ श्रेणी वर्ग के पद का 5 वर्ष अनुभव रखते हो। चतुर्थ श्रेणी वर्ग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, दफ्तरी, जमादार, बुकलिफ्टर, फर्राश, गार्डनर, एनिमल केचर और प्रयोगशाला वाहक आते है।

सम्बन्धित च0श्रे0 वर्ग के कर्मचारी जिन्होनें उक्तानुसार दिनांक 31–03–2024 तक निर्धारित योग्यता प्राप्त कर ली है, अपना आवेदन पत्र मय योग्यता सम्बन्धी वांछित दस्तावेज विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस में प्राचार्य/कार्यालयाध्यक्ष को प्रस्तुत करें।

सम्बन्धित प्राचार्य/कार्यालयाध्यक्ष चतुर्थ श्रेणी वर्ग के कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत समस्त आवेदन पत्रों मय दस्तावेजों में वर्णित तथ्यों **(यथा शैक्षणिक दस्तावेज, प्रथम नियुक्ति तिथि, जन्मतिथि, वर्ग, सीनियर सैकेण्डरी या उसके समतुल्यता, दिव्यांगजन सम्बन्धी प्रमाण पत्र यदि हो, आदि)** की जांच अपने स्तर पर रिकॉर्ड के आधार पर प्रमाणित करके सूचना संलग्न प्राफोर्मा में तैयार कर विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस में ही आवश्यक रूप से आयुक्तालय को **ई–डाक के माध्यम से भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।**

(प्रो. अनिल कुमार यादव)
संयुक्त निदेशक (प्रशासन)

Signature valid
RajKaj Ref 6522432
Digitally signed by Anil Kumar Yadav
Designation : Professor
Date: 2024.04.05 17:38:18 IST
Reason: Approved

क्रमांक एफ 1(05)पीएस/निकाशि/19/ दिनांक :

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:—

1. स्थापना शाखा, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. समस्त प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, राजस्थान/सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान को प्रेषित कर लेख है कि वे अपने अधीन कार्यरत चतुर्थ श्रेणी वर्ग के कर्मचारियों को उक्त विज्ञप्ति की फोटो कॉपी करवा कर देवें तथा प्राप्ति की रसीद अपने रिकार्ड में रखें।
3. वेबसाईट प्रभारी, आयुक्तालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
4. रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक(प्रशासन)

Signature valid

RajKaj Ref
6522432

Digitally signed by Anil Kumar Yadav
Designation : Professor
Date: 2024.04.05 17:38:18 IST
Reason: Approved

कनिष्ठ सहायक पद पर पदोन्नति हेतु निर्धारित योग्यता प्राप्त करने वाले चतुर्थ श्रेणी वर्ग के कर्मचारियों द्वारा सूचना भिजवाने बाबत प्राफोर्मा :—

क्र.स.	कर्मचारी का नाम मय पद	जन्मतिथि	अ.जा/अ.ज.जा./ओ.बी.सी./सामान्य	योग्यताएं (शैक्षणिक एवं कम्प्यूटर संबंधी)	राजकीय सेवा में प्रथम नियुक्ति का दिनांक एवं पद	वर्तमान पद पर नियुक्ति/पदोन्नति का दिनांक	विशेष विवरण
1	2	3	4	5	6	7	8

(प्रो. अनिल कुमार यादव)
संयुक्त निदेशक (प्रशासन)

RajKaj Ref
6522432

Signature valid
Digitally signed by Anil Kumar Yadav
Designation : Professor
Date: 2024.04.05 17:38:18 IST
Reason: Approved